**समाचार**

# नागरिकों व जनप्रतिनिधियों की आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यो को दें गति व दिशा – महापौर

**(महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में निगम के जोन कमिश्नर्स व प्रभारी अधिकारियों की ली बैठक, विकास व निर्माण कार्यो सहित निगम से जुड़े सभी कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की)**




कोरबा 04 अप्रैल 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निगम क्षेत्र के नागरिकबंधुओं व पार्षदों व जनप्रतिनिधियों की आकांक्षाओं एवं वार्ड की आवश्यकताओं के अनुरूप निगम के विकास व निर्माण कार्यो को गति व दिशा दी जाए। उन्होने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता, वर्क क्वालिटी बनी रहे, समयसीमा में कार्य पूरें हों, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि मूलभूत सुविधाओं व नागरिक सेवाओं से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता के साथ संपादित कराया जाए।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर निगम के विकास एवं निर्माण कार्यो सहित अन्य विविध कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत ने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना, मुख्यमंत्री की घोषणा, मुख्यमंत्री अधोसंरचना, प्रभारी मंत्री मद, सांसद, विधायक मद, महापौर मद, पार्षद मद, 14वें व 15वे वित्त आयोग, पर्यावरण संरक्षण मद, सीएसआर मद, एनसीएपी मद, निगम मद सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत वार्डो में प्रस्तावित प्रगतिरत निर्माण व विकास कार्यो की जोनवार व वार्डवार विस्तार से समीक्षा की। महापौर श्रीमती राजपूत ने जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं व प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निगम के प्रस्तावित नवीन कार्यो की कार्यप्रक्रिया में तेजी लाएं, निविदा आदि की प्रक्रिया नियमानुसार पूरी कराएं तथा कार्यो को प्रारंभ करें, इसी प्रकार जो कार्य वर्तमान में प्रगतिरत हैं,

उनकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यो को समयसीमा पर पूरा कराएं। महापौर श्रीमती राजपूत ने विशेष बल देते हुए कहा कि हम जो भी काम कर रहे हैं, उनके सकारात्मक परिणाम धरातल स्तर पर दिखें, जो भी कार्य हों टिकाऊ हों, अतः गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होने कहा कि निर्माण एजेंसियॉ समय पर कार्यो को प्रारंभ कराएं तथा नियत समय पर कार्यो को पूरा करें, इस पर विशेष फोकस रखा जाए, जिन निर्माण एजेंसियों द्वारा कार्यो में लापरवाही बरती जा रही है, उन पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही भी करें।

**पेयजल की समुचित व्यवस्था पर फोकस**– महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों से कहा कि वर्तमान में गर्मी का सीजन चल रहा है, इस समय पानी की आवश्यकता स्वभाविक रूप से अधिक रहती है, अतः वार्ड एवं बस्तियों में पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में हो, यह भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जिन वार्ड एवं बस्तियों में किन्ही कारणवश पानी की कम आपूर्ति परिलक्षित हो, वहॉ पर वाटर टैंकरों के माध्यम से जल की आपूर्ति कराएं, इस हेतु सभी स्त्रोतों से आवश्यक संसाधन जुटाए जाएं।

**स्ट्रीट लाईट व बिजली व्यवस्था** – महापौर श्रीमती राजपूत ने निगम क्षेत्र की स्ट्रीट लाईट व विद्युत व्यवस्था से जुड़े कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में स्थापित समस्त स्ट्रीट लाईटें जलें, सड़कों व मार्गो पर अंधेरा न हों, इसकी सतत मानीटरिंग करें तथा जहॉ कहीं भी स्ट्रीट लाईट बंद दिखें, तत्काल सुधार व मरम्मत कार्य कर स्ट्रीट लाईट जलवाएं। उन्होने कहा कि जिन वार्ड व बस्तियों में विद्युत विस्तार व विद्युत खंभों की आवश्यकता परिलक्षित होती है, वहॉ पर विद्युत व्यवस्था हेतु आवश्यक प्रस्ताव बनाएं।

**सफाई व्यवस्था में और अधिक कसावट** – महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों से कहा कि विगत कुछ मा ह में निगम की साफ–सफाई व्यवस्था में बेहतर सुधार हुआ है, अब पहले जैसी गदंगी नहीं दिखती, शहर साफ–सुथरा दिखने लगा है किन्तु इसके बावजूद भी सफाई व्यवस्था में और अधिक कसावट लाई जाए, निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य किए जाएं, कार्यो की नियमित मानीटरिंग हों, हर घर से कचरा अनिवार्य रूप से संग्रहित हों, सड़क व नालियों की नियमित सफाई की जाए, इस पर विशेष फोकस करें।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूवा, पार्षद चन्द्रलोक सिंह, पूर्व पार्षद दीपक यादव, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला ,प्रकाश चन्द्रा, एन.के.नाथ, तपन तिवारी, अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, संजय झा आदि उपस्थित थे।